दिन– बुधवार दिनांक– 19 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः–8.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के नवनिर्मित परिसर का करेंगे उद्घाटन। समारोह में राज्यपाल और मुख्यमंत्री समेत सत्रह देशों के मिशन प्रमुख होंगे शामिल।

02. सर्वोच्च न्यायालय ने नीट–यूजी में पेपर लीक और कदाचार के आरोपों वाली याचिका पर केन्द्र सरकार और एनटीए को नोटिस भेजा।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बाढ़ और सुखाड़ की आशंका के मद्देनजर अधिकारियों को समन्वय बनाकर काम करने के निर्देश दिये।

04. और, प्रदेश के दक्षिणी हिस्से में भीषण गर्मी और लू से राहत नहीं। उत्तर बिहार में कई स्थानों पर हुई भारी बारिश।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब से थोड़ी देर में एक दिवसीय दौरे पर बिहार पहुंच रहे हैं। श्री मोदी नालंदा के राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन समारोह विश्वविद्यालय परिसर में स्थित सुषमा स्वराज सभागार में आयोजित किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर भी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा सत्रह देशों के मिशन प्रमुखों सहित कई प्रतिष्ठित लोग भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। और ब्योरा हमारे संवाददाता से––

–––रिपोर्ट–––

नालंदा विश्वविद्यालय की कल्पना भारत और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन देशों के बीच एक संयुक्त सहयोग के रूप में की गई है। अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे से सुसज्जित विश्वविद्यालय का नया परिसर चार सौ पचास एकड़ में फैला हुआ है। पर्यावरण संरक्षण की थीम पर आधारित परिसर को नेट जीरो ग्रीन कैंपस बनाया गया है। परिसर में ऊर्जा सहित अन्य जरूरतों की आपूर्ति के लिए सौर ऊर्जा, पेयजल शोधन और अपशिष्ट जल शोधन के लिए संयंत्र लगाए गए हैं। इसमें सौ एकड़ क्षेत्र में कई जल निकाय और अन्य पर्यावरण अनुकूल सुविधाएं हैं। उद्घाटन समारोह से पूर्व

प्रधानमंत्री विश्व धरोहर प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के अवशेषों का भी अवलोकन करेंगे, जिसका नवनिर्मित विश्वविद्यालय से गहरा संबंध है।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल पीएम किसान सम्मान निधि योजना की सत्रहवीं किस्त की राशि जारी की। इसके तहत लगभग नौ करोड़ छब्बीस लाख किसानों को बीस हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे उनके खातों में भेजी गई। वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में कृषि की प्रमुख भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार किसानों का जीवन स्तर बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और उनकी आय बढ़ाना सरकार की प्राथमिकता है।

–––बाईट–––

21वीं सदी के भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत बनाने में पूरी कृषि व्यवस्था की बड़ी भूमिका। हमें वैश्विक रूप से सोचना होगा। ग्लोबल मार्केट को ध्यान में रखना होगा। हमें दलहन और तिलहन में आत्मनिर्भर बनना है और कृषि निर्यात में अग्रणी बनना है।

पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत बिहार के छिहत्तर लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में एक हजार पांच सौ बासठ करोड़ रूपये अंतरित किये गये। कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने इसके लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया।

---

सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय पात्रता और प्रवेश परीक्षा– नीट–यूजी दो हजार चौबीस में पेपर लीक और कदाचार का आरोप वाली याचिकाओं पर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए और केंद्र सरकार को नोटिस भेजा है। ब्योरा हमारे संवाददाता से––

–––बाईट–––

शीर्ष अदालत ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए और केंद्र को नोटिस जारी करते हुए कहा कि परीक्षा के मामले में छोटी सी लापरवाही से भी निपटने की जरूरत है। न्यायालय ने यह भी कहा कि नीट देश की सबसे कठिन प्रवेश परीक्षाओं में से एक है और इसके लिए परीक्षार्थी जो कडी मेहनत करते हैं उसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और एसवीएन भट्टी की अवकाश पीठ ने मामले की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। मामले की अगली सुनवाई 8 जुलाई को होगी। शीर्ष न्यायालय ने यह भी कहा कि परीक्षा से संबंधित मुकदमे को लेकर गलत धारणा नहीं बनाई जानी चाहिए बल्कि गलतियों को सुधारा जाना चाहिए। न्यायालय ने यह भी दोहराया कि वह नीट काउंसलिंग पर रोक नहीं लगाएगा। समाचार कक्ष से मुकेश कुमार बल।

---

डाक घर अधिनियम दो हजार तेईस कल से प्रभावी हो गया है। इसने भारतीय डाक अधिनियम अठारह सौ अंठानवे का स्थान लिया है। अधिनियम के प्रावधानों के

अनुसार राज्य की सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था सहित निर्दिष्ट आधारों पर भारतीय डाक के माध्यम से भेजी जाने वाली किसी भी वस्तु को सरकार, गंतव्य तक पहुंचने के पहले बीच में ही रोक सकती है। ऐसा किसी भी आपातकाल की स्थिति में या सार्वजनिक सुरक्षा और शांति को ध्यान में रखते हुए किया जा सकता है।

---

केन्द्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि अररिया के सिकटी में बकरा नदी पर ध्वस्त हुए पुल का निर्माण केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय के अंतर्गत नहीं हुआ था। केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के कार्यालय ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि इस पुल का निर्माण राज्य सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत हो रहा था। गौरतलब है कि कल बारह करोड़ रूपये की लागत से निर्मित इस पुल का एक हिस्सा गिर गया था। पुल के तीन पिलर नदी में समा गए थे।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सभी जिलाधिकारियों और सभी विभागों के अधिकारियों के साथ बाढ़ और सुखाड़ की आशंका के मद्देनजर पटना में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को किसी भी स्थिति के लिए तैयार रहने को कहा। साथ ही उन्होंने अंतर विभागीय समन्वय बनाकर काम करने के निर्देश दिये।

---

प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत तेरह हजार दो सौ सड़सठ पदों पर नियुक्ति होगी। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान रिक्तियों को मिशन मोड में आगामी अक्टूबर माह तक पूरा करने का निर्देश दिया।

---

प्रदेश के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों के मौसम के रूख में खासा अंतर देखने को मिल रहा है। राज्य के उत्तरी हिस्सों में कई स्थानों पर जहां भारी बारिश हुयी है, वहीं, दक्षिणी हिस्सा लू की चपेट में है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार किशनगंज जिले के ठाकुरगंज और पोठिया में बहुत भारी बारिश दर्ज की गयी है। ठाकुरगंज में दो सौ छप्पन मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। वहीं, अररिया, पूर्णियां और सुपौल समेत राज्य के उत्तर–पूर्वी हिस्सों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम

बारिश हुई है। इधर, मौसम विभाग के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास, सारण और शेखपुरा समेत छह जिले लू की चपेट में रहे। वहीं, पटना समेत आठ जिलों में भीषण गर्मी की स्थिति बनी रही। औरंगाबाद लगातार दूसरे दिन राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। यहां का अधिकतम तापमान चौवालीस दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान बयालीस दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि आज भी राज्य के दक्षिणी–पश्चिम हिस्से लू की चपेट में रहेंगे। वहीं, उत्तर–पूर्वी हिस्सों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की आशंका है।

–––बाईट–––

मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि अगले तीन से चार दिनों के दौरान राज्य में मॉनसून के आगे बढ़ने की अनुकूल परिस्थितियां बन रही हैं।

–––बाईट–––

---

इधर, प्रदेश में भीषण गर्मी और लू से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान कई स्थानों पर लोगों की लू से मौत के समाचार हैं। हमारे संवाददाता ने बताया है कि इस अवधि में कैमूर जिले में ग्यारह लोगों की मौत हो गयी। वहीं, कई लू पीड़ितों का विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है।

---

किशनगंज जिले में पिछले दो दिनों से हुई भारी बारिश के कारण पोठिया प्रखंड के चिचुआबाड़ी–इस्लामपुर मुख्य पथ पर एक निर्माणाधीन पुल का डायवर्जन बह गया। इसके चलते सड़क मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया। इधर, पोठिया के अंचलाधिकारी मोहित राज ने बताया कि निर्माणाधीन पुल के दोनों छोर पर आवागमन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गयी है।

–––बाईट–––

---

पटना उच्च न्यायालय चार सप्ताह की गर्मी की छुट्टीयों के बाद आज से खुल रहा है। न्यायालय में न्यायिक कार्य सुबह साढ़े दस बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक और दोपहर बाद सवा दो बजे से शाम सवा चार बजे तक होंगे।

---

पुरूषों की टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्वकप प्रतियोगिता में आज से सुपर–8 मुकाबलों का दौर शुरू हो रहा है। इस दौर के सभी मैच वेस्टइंडीज में खेले जाएंगे। सुपर–8 का पहला मुकाबला आज अमरीका और दक्षिण अफ्रीका के बीच होगा। भारत अपना पहला मैच कल अफगानिस्तान के साथ खेलेगा।

---

अखबारों की सुर्खियां

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अररिया में पुल के ध्वस्त होने की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है– बकरा नदी पर बना पुल उद्घाटन से पहले ध्वस्त।

**दैनिक जागरण** ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान को प्रमुखता देते हुए लिखा है– जनादेश का विश्वास हमारी पूंजी।

**दैनिक भास्कर** लिखता है– बिहार–झारखंड में डाक सेवक बहाली में गड़बड़ी। सीबीआई ने शुरू की जांच।

**प्रभात खबर** ने लिखा है– आज पीएम नालंदा विश्वविद्यालय के नए भवन का करेंगे उद्घाटन। एक अन्य खबर में अखबार लिखता है– जल्द ही बिहटा के घरों में पीएनजी से बनेगा खाना।

**आज** अखबार की प्रमुख खबर है– बिहार नें फिर पेश की महिला सशक्तिकरण की मिशाल। स्कूलों में पुरूषों की बराबरी में पहुंची महिला अध्यापक।

**राष्ट्रीय सहारा** लिखता है– अलका याज्ञनिक को सुनना हुआ बंद। गायिका ने बहुत तेज संगीत और हेड फोन के उपयोग से किया सावधान।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के नवनिर्मित परिसर का करेंगे उद्‌घाटन। समारोह में राज्यपाल और मुख्यमंत्री समेत सत्रह देशों के मिशन प्रमुख होंगे शामिल।

02. सर्वोच्च न्यायाल ने नीट–यूजी में पेपर लीक और कदाचार के आरोपों वाली याचिका पर केन्द्र सरकार और एनटीए को नोटिस भेजा।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बाढ़ और सुखाड़ की आशंका के मद्देनजर अधिकारियों को समन्वय बनाकर काम करने के निर्देश दिये।

04. और, प्रदेश के दक्षिणी हिस्से में भीषण गर्मी और लू से राहत नहीं। उत्तर बिहार में कई स्थानों पर हुई भारी बारिश।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।